कोटद्वार, रविवार
18 मई 2025
वर्षः 47
अंकः 27 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### हरिद्वार पुलिस ने किया अवैध तरीके से रह रही बंग्लादेशी महिला को गिरफ्तार

हरिद्वार। हरिद्वार पुलिस ने शनिवार को हरकी पैड़ी क्षेत्र में पिछले आठ साल से अवैध रूप से रह रही बांग्लादेशी महिला रुबीना खातून को गिरफ्तार किया है। रुबीना ने पीलीभीत निवासी संतोष दुबे के साथ दूसरी शादी भी की थी। पांच साल के बच्चे के साथ कई साल पहले उसने भारत में अवैध तरीके से प्रवेश किया था। हरकी पैड़ी पर वह रुबीना देवी बनकर श्रद्धालुओं के सिर पर चंदन लगाती थी। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल के अनुसार रुबीना के पास दो फर्जी आधार कार्ड भी मिले हैं। वह अभी भी अपने माता–पिता व अन्य परिजनों से संपर्क में थी। फिलहाल रुबीना और उसके पति संतोष दुबे को गिरफ्तार कर लिया गया है।

वहीं, महिला के नाबालिग बेटे को भी कस्टडी में ले लिया गया है। पूछताछ में रुबीना ने खुलासा किया कि वह अपने बेटे के साथ सन् 2017–18 में घुसपैठ कर भारत आई थी। तब से हरिद्वार में ब्रह्मपुरी क्षेत्र में रह रही थी और हरकी पैड़ी क्षेत्र में अपने पति संतोष दुबे के साथ तिलक चंदन लगाने का काम करती थी। दोनों पर्यटकों को तिलक चंदन लगाकर अपना जीवन यापन कर रहे थे। सुरक्षा एजेंसियां भी रुबीना खातून और उसके पति संतोष दुबे से पूछताछ करने में जुट गई हैं।

### दून का एक मात्र फिजियोथेरेपिस्ट सचिवालय में तैनात, मरीज बेहाल

देहरादून। दून मेडिकल कॉलेज में नियुक्त एक मात्र स्थाई फिजियोथेरेपिस्ट के सचिवालय में अटैच होने से मरीजों को मुश्किलें झेलनी पड़ रही है। इसे देखते हुए अब चिकित्सा शिक्षा निदेशालय ने फिजियोथेरेपिस्ट को वापस दून अस्पताल भेजे जाने का अनुरोध किया है। दरअसल पूर्व मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में फिजियोथेरेपी सेंटर मंजूर किया था। लेकिन पद मंजूर न होने की वजह से वहां पर दून के फिजियोथेरेपिस्ट को अटैच कर दिया गया। दून अस्पताल में पहले स्वास्थ्य विभाग के कई फिजियोथेरेपिस्ट तैनात थे तो मरीजों को कोई परेशानी नहीं हो रही थी। लेकिन अब स्वास्थ्य विभाग के थेरेपिस्टों के वापस स्वास्थ्य विभाग चले जाने से दून भी खाली हो गया है। वहां पर अब एक मात्र संविदा फिजियोथेरेपिस्ट तैनात है जिससे मरीजों को भारी परेशानी हो रही है। इसीलिए अब चिकित्सा शिक्षा निदेशालय ने शासन से दून का थेरेपिस्ट वापस करने का अनुरोध किया है। शासन के सूत्रों ने बताया कि दून के थेरेपिस्ट को वापस कर सचिवालय में जल्द नए थेरेपिस्ट की तैनाती होगी।

### अचेत अवस्था में पड़े हुए व्यक्ति की मौत

देहरादून। मसूरी देहरादून मार्ग पर गज्जी बैंड के निकट विगत रात्रि एक व्यक्ति अचेत अवस्था में मिला, जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस को देर रात ढाई बजे सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ने मसूरी–देहरादून मार्ग पर गज्जी बैंड के पास सुसाइड करने का प्रयास किया है।

मौके पर पहुंची पुलिस को एक शख्स बेहोशी की हालत में मिला। अस्पताल लाने तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस के मुताबिक नागोडी, थाना फलाउदा, तहसील मवाना, मेरठ निवासी 42 वर्षीय संजय शर्मा पुत्र स्व. सुभाष शर्मा निवासी यहां गज्जी बैंड पर चाय की दुकान चलाता था। वह यहां तुनधार पावर हाउस क्यारकुली भट्टा, बालीगंज मसूरी में रह रहा था। परिजनों को इस बारे में सूचना दे दी गई है।

### मंगलसूत्र बांधते ही दूल्हे को हार्ट अटैक, तुरंत हो गई मौत; शादी से पहले विधवा बनी दुल्हन

नई दिल्ली। कर्नाटक के बागलकोट के जामखंडी कस्बे में शादी के एक समारोह में अचानक माहौल गमगीन हो गया। दरअसल दुल्हन के गले में मंगलसूत्र डालते हुए लड़के को दिल का दौरा आ गया। एनडीटीवी ने शादी समारोह में मौजूद एक प्रत्यक्षदर्शी के हवाले से बताया कि मंगलसूत्र बांधने के कुछ ही मिनट बाद दूल्हे प्रवीण को सीने में दर्द हुआ और वह जमीन पर गिर पड़ा। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि माता–पिता दूल्हे को एक निजी अस्पताल ले गए।

## भारत ने बांग्लादेश को दिया झटका

# खाद्य पदार्थों और अन्य वस्तुओं के आयात पर लगाया प्रतिबंध



नई दिल्ली। भारत ने बांग्लादेश को बड़ा झटका दिया है। भारत ने बांग्लादेश से रेडीमेड कपड़ों, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों और अन्य वस्तुओं के आयात के लिए बंदरगाह प्रतिबंध लगा दिया है। वाणिज्य मंत्रालय के विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। मंत्रालय ने कहा कि बांग्लादेश से भारत में रेडीमेड कपड़ों, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ आदि जैसी कुछ वस्तुओं के आयात पर बंदरगाह प्रतिबंध लगाया गया है। इस प्रकार के बंदरगाह प्रतिबंध भारत से होकर गुजरने वाले और नेपाल–भूटान जाने वाले बांग्लादेशी माल पर लागू नहीं होंगे। अधिसूचना में कहा गया है कि बांग्लादेश से रेडीमेड आयात की किसी भी बंदरगाह से अनुमति नहीं है। जबकि फल/फलों के स्वाद वाले और कार्बोनेटेड पेय पदार्थ, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ (बेक्ड सामान, स्नैक्स, चिप्स और कन्फेक्शनरी), कपास और सूती धागे के अपशिष्ट, प्लास्टिक और पीवीसी से तैयार माल, पिगमेंट, डाई, ग्रैन्यूल और लकड़ी का फर्नीचर को मेघालय, असम, त्रिपुरा और मिजोरम में किसी भी माध्यम से बांग्लादेश से आयात की अनुमति नहीं दी जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि यह कदम निष्पक्ष व्यापार को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। अब तक बांग्लादेश भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के बाजारों में बिना किसी प्रतिबंध के अपना माल भेजता है। जबकि भारतीय वस्तुओं से प्रति टन प्रति किलोमीटर 1.8 टका शुल्क लेता है, जो कि उसके घरेलू दर 0.8 टका से ज्यादा है। नए प्रतिबंधों के कारण बांग्लादेश को अपने निर्यात मार्ग को परिवर्तित करना होगा। यह माल न्हावा शेवा और कोलकाता बंदरगाह के माध्यम से आएगा। अधिकारी ने कहा कि बांग्लादेश पारस्परिकता के बिना बाजार तक पहुंच नहीं मान सकता। वर्षों से भारत ने समान लाभ के बिना बांग्लादेश को रियायतें दीं। यह निर्णय संतुलन बहाल करता है। बताया जा रहा है कि प्रतिबंध से बांग्लादेश के रेडीमेड उद्योग में बाधा आएगी। साथ ही कपड़ों की लागत बढ़ने और बाजार तक पहुंच सीमित होगी। इससे भारतीय निर्माताओं के लिए नए अवसर पैदा होंगे।

## सहस्त्रधारा घूमने गई किशोरी से दुष्कर्म

देहरादून। सहस्त्रधारा घूमने गई एक किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। किशोरी पड़ोसी महिला के साथ घूमने गई थी। आरोप है कि महिला की शह पर एक व्यक्ति ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने पोक्सो समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

राजपुर थानाध्यक्ष सैंकी कुमार ने बताया कि किशोरी की मां की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया है। महिला ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उनकी 15 साल की बेटी पड़ोस में रहने वाली सिमरन के साथ सहस्त्रधारा घूमने गई थी। आरोप है कि इस दौरान सिमरन ने किशोरी को जबरन नशा करवाया। इसके बाद महिला ने अपने परिचित गुरुसेवक को सहस्त्रधारा बुलाया और किशोरी के साथ दुष्कर्म किया गया। किशोरी शाम को जब घर लौटी तो उसने परिजनों को आपबीती बताई। दोनों ने मुंह खोलने पर किशोरी को धमकी भी दी थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल, आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# हेली एम्बुलेंस में तकनीकी खराबी, पायलट ने कराई सुरक्षित लैंडिंग, पायलट सहित सभी सुरक्षित

### आपात लैंडिंग में टूटा टेल रोट, तकनीकी खराबी की जांच करेगा डीजीसीए



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : श्री केदारनाथ धाम में एक मरीज को रेस्क्यू करने पहुंचे संजीवनी हेली एंबुलेंस की आपातकाल लैंडिंग करनी पड़ी। पायलट की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। हेली एम्बुलेंस में एम्स ऋषिकेश से आई मेडिकल टीम भी सवार थी। सफल आपातकाल लैंडिंग के चलते पायलट सहित मेडिकल की टीम सुरक्षित है।

जिला पर्यटन विकास अधिकारी एवं नोडल हेली सेवा राहुल चैबे ने बताया कि श्री केदारनाथ धाम में दर्शन को पहुंची एक महिला श्रद्धालु को सांस लेने में अधिक समस्या होने लगी। तबियत ज्यादा बिगड़ती देख राज्य सरकार की हेली एंबुलेंस सेवा संजीवनी की मदद ली गई। हेली में एम्स से मेडिकल टीम भी साथ केदारनाथ पहुंच रही थी, जिसमें एक डॉक्टर एवं एक नर्सिंग स्टाफ शामिल था। केदारनाथ के मुख्य हेलीपैड पर लैंडिंग से पहले ही हेली में कुछ तकनीकी खराबी आ गई। जिसे समय पर भांपते हुए पायलट ने हेलीपैड से ठीक पहले समतल स्थान पर लैंडिंग करना उचित समझा।

लैंडिंग के दौरान हेली एम्बुलेंस का टेल रोटर टूट गया। पायलट की सूझबूझ से सफल आपातकाल लैंडिंग हो सकी और हेली में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। हालांकि हेली का टेल रोटर टूट गया है। इस पूरे मामले की तकनीकी जांच डीजीसीए द्वारा की जाएगी, जिसके उपरांत तकनीकी खामी की सही जानकारी मिल सकेगी।

# जल्द तैयार होगी प्रदेश की फ्लावर और हनी पॉलिसी : धामी

### ●मुख्यमंत्री ने किया ई–रूपी प्रणाली एवं नई कृषि नीतियों का शुभारंभ



जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सचिवालय में आधुनिक तकनीक पर आधारित ‘ई-रूपी’ प्रणाली का शुभारंभ किया।


इस मौके पर उन्होंने राज्य की कृषि व्यवस्था को नई दिशा देने के लिए चार महत्वाकांक्षी कृषि नीतियों (कीवी नीति, ड्रैगन फ्रूट, सेब तुड़ाई उपरांत तुड़ाई योजना और मिलट मिशन) का शुभारंभ करते हुए कहा कि सरकार जल्द ही प्रदेश में फ्लावर और हनी पॉलिसी भी तैयार करेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ई-रूपी प्रणाली राज्य के अन्नदाताओं के लिए एक नई पहल है। ‘ई-रूपी प्रणाली’ किसानों के लिए पारदर्शी, तेज और बिचौलिया-मुक्त डिजिटल भुगतान का नया माध्यम बनेगी। इस प्रणाली के अंतर्गत पायलट परियोजनाओं में किसानों को मिलने वाली अनुदान राशि ई-वाउचर के माध्यम से सीधे उनके मोबाइल पर भेजी जाएगी, जिसे वे अधिकृत केंद्रों या विक्रेताओं से खाद, बीज, दवाएं आदि खरीदने में उपयोग कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने ई-रूपी प्रणाली के सफल क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव-गांव में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को जागरूक किया जाए, ताकि वे इस तकनीक का समुचित लाभ उठा सकें। इन सभी पहलों का उद्देश्य राज्य के पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों में कृषि एवं रोजगार को सुदृढ़ करना है, जिससे पलायन जैसी समस्या पर भी प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके। ये योजनाएं उत्तराखंड को आत्मनिर्भर, सशक्त एवं अग्रणी कृषि राज्य बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सभी योजनाएं राज्य की कृषि विविधता को बढ़ावा देंगी और कृषकों की आय में वृद्धि का आधार बनेंगी। इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी, उपाध्यक्ष चाय विकास सलाहकार परिषद महेश्वर सिंह मेहरा, उपाध्यक्ष उत्तराखंड जैविक कृषि भूपेश उपाध्याय, जड़ी बूटी सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष बलबीर धुनियाल, राज्य औषधीय पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष प्रताप सिंह पंवार, जड़ी बूटी समिति के उपाध्यक्ष भुवन विक्रम डबराल, सचिव डॉ. एसएन पांडेय, महानिदेशक कृषि रणवीर सिंह चौहान, निदेशक आईटीडीए गौरव कुमार सहित विभिन्न जिलों के काश्तकार मौजूद रहे।

## कोविड टेस्ट फर्जीवाड़े में ईडी ने दाखिल की चार्जशीट

हरिद्वार। कुंभ–2021 के दौरान कोविड टेस्ट फर्जीवाड़े मामले में ईडी ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। इसमें मैक्स कॉरपोरेट सर्विसेज सहित 14 आरोपी बनाए गए हैं। कोर्ट ने मामले का संज्ञान लेते हुए आगामी 24 जून सुनवाई के लिए निर्धारित की है।बता दें कि ईडी इससे पहले कई जगह दबिश देकर दस्तावेज जुटाने के साथ ही पूर्व में संपत्ति को जब्त करने की कार्रवाई कर चुकी है। इसी के बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल करके आगे की कार्रवाई शुरू की गई है। साल जुलाई 2021 में मामला सामने आया था, जिसके बाद मुकदमा दर्ज कर एसआईटी का भी गठन किया गया था। ईडी ने मनी लॉड्रिंग से संबंधित मामले की जांच शुरू कर दी थी। बताया गया मैक्स कॉरपोरेट सर्विस के अलावा नोवस पैथ लैब्स, डीएनए लैब्स, डॉ.लाल चंदानी लैंस प्राइवेट लिमिटेड सहित 14 के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई है। जानकारी के मुताबिक इन लैब में वास्तव में टेस्ट के बिना कोविड परीक्षण की बढ़ी हुई संख्या दिखाई थी।

# पर्यटकों के लिए एक जून को खुलेगी

### विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी के लिए भी कर सकेंगे ऑनलाइन पंजीकरण



चमोली। विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी पर्यटकों के लिए एक जून को खोल दी जाएगी। इसको लेकर नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार घाटी में आने वाले पर्यटकों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा भी मिलेगी। पार्क प्रशासन ने इसकी वेबसाइट को लांच कर दिया है।

फूलों की घाटी जाने के लिए घांघरिया में ऑफलाइन पंजीकरण किया जाता है जिसमें पार्क प्रशासन की ओर से निर्धारित शुल्क जमा करना होता है। इस बार पर्यटकों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की भी सुविधा उपलब्ध कर दी गई है। पर्यटक अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। वहीं नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क के फूलों की घाटी रेंज की टीम घांघरिया के लिए रवाना हो गई है। टीम यहां बारिश से हुए नुकसान का आकलन करेगी। टीम के लौटने के बाद रास्तों की मरम्मत सहित अन्य कार्य किए जाएंगे।

नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क के डीएफओ तरुण एस ने बताया कि फूलों की घाटी के लिए वेबसाइट लांच कर दी गई है, पर्यटक इसमें ऑनलाइन शुल्क जमा कर पंजीकरण कर सकते हैं। फूलों की घाटी में बारिश से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए टीम भेज दी गई है, जिसके बाद वहां काम शुरू किया जाएगा।

# जम्मू—कश्मीर के पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास बारूदी सुरंग में विस्फोट



जम्मू। जम्मू–कश्मीर के पुंछ जिले में शनिवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास बारूदी सुरंग में हुए विस्फोट में सेना का एक जवान घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार दोपहर दिगवार सेक्टर के अग्रिम क्षेत्र में उस समय बारूदी सुरंग में विस्फोट हुआ, जब सैनिक गश्त पर थे।

घुसपैठ रोधी बाधा प्रणाली के तहत अग्रिम क्षेत्रों में बारूदी सुरंगें बिछाई जाती हैं, जो कभी–कभी बारिश के कारण बह जाती हैं और दिखाई न देने के परिणामस्वरूप ऐसी दुर्घटनाएं होती हैं। अधिकारियों ने बताया कि घायल हवलदार को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

इस बीच, बम निरोधक दस्ते ने सुबह के समय सांबा जिले में रीगल सीमा चौकी के पास एक नियंत्रित विस्फोट में एक मोर्टार को नष्ट कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि कुछ ग्रामीणों ने मोर्टार देखे जाने के बाद पुलिस को सूचित किया।

पुलिस ने विशेषज्ञों की एक टीम को भेजा और विस्फोटक को निष्क्रिय कर दिया गया। पिछले सप्ताह सेना और पुलिस विशेषज्ञों द्वारा नियंत्रण रेखा व अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास के गांवों में दर्जनों अप्रयुक्त विस्फोटकों को निष्क्रिय किया गया।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने 10 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच जमीन, हवा और समुद्र पर सभी प्रकार की गोलीबारी व सैन्य कार्रवाइयां तत्काल प्रभाव से रोकने पर सहमति बनने की घोषणा की थी।

## पहाड़गंज में निर्माणाधीन बेसमेंट की दीवार ढही, तीन की दबकर मौत

नई दिल्ली। पहाड़गंज इलाके में आरा कंसा रोड कृष्णा होटल के पास बेसमेंट निर्माण के दौरान दीवार ढह गई। मलबे में दबने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा बारिश के कारण हुआ, जिससे निर्माणाधीन दीवार अचानक गिर गई।

मृतकों की पहचान मुंगेर निवासी प्रभु (65), निरंजन (40) और आजमगढ़ उत्तर प्रदेश निवासी रोशन (35) के रूप में हुई है। प्रभु ठेकेदार थे, जो बेसमेंट निर्माण कार्य की देखरेख कर रहे थे। वहीं, निरंजन और रोशन उनके कर्मचारी थे। मुंगेर निवासी घायल छुट्टन (35) को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मौके पर बचाव अभियान जारी है। प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# सेना की ताकत के लिए 40000 करोड़ की इमरजेंसी खरीदारी की मंजूरी



नई दिल्ली। पाकिस्तान के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन सिंदूर के बीच भारत सरकार ने तीनों सेनाओं को बड़ा तोहफा देते हुए उन्हें 40,000 करोड़ रुपये की इमरजेंसी खरीद की मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी हाल ही में हुई डिफेंस अक्विजिशन काउंसिल की बैठक में दी गई, जिसमें रक्षा मंत्रालय और सेनाओं के आला अफसर मौजूद थे। इस इमरजेंसी पावर के तहत सेनाएं नजर रखने वाले ड्रोन, आत्मघाती (कामीकाजे) ड्रोन, लॉन्ग रेंज लूटरिंग म्यूनिशन, और तोप, मिसाइल व एयर डिफेंस सिस्टम के लिए गोला–बारूद खरीदेंगी। इस कदम से पाकिस्तान पर हुए हमलों में इस्तेमाल हुई मिसाइलों जैसे ब्रह्मोस और स्काल्प क्रूज मिसाइलों की आपूर्ति और तेज होगी।

सूत्रों के मुताबिक, ये सभी हथियार और उपकरण तय समय के अंदर सेना को मिल जाने चाहिए। ये पांचवीं बार है जब पिछले पांच सालों में सेनाओं को इस तरह की इमरजेंसी खरीद की मंजूरी दी गई है। खरीद प्रक्रिया में रक्षा मंत्रालय के वित्त सलाहकार भी शामिल होंगे। इस दौरान, रक्षा मंत्रालय ने निजी और सरकारी इंडस्ट्री के साथ लंबी दूरी की योजनाओं पर भी बातचीत शुरू कर दी है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को ड्रोन डिटेक्शन के लिए 10 नए लो–लेवल रडार का ऑर्डर मिलने की संभावना है। इससे पहले 6 रडारों के लिए ऑर्डर पहले ही दिया जा चुका है।

**आतंकी ठिकानों को किया था नेस्तनाबूत**

भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना ने पाकिस्तान के ठिकानों पर हमले के दौरान जिस रैंपेज मिसाइल का इस्तेमाल किया, वो भी इन्हीं इमरजेंसी पावर्स के तहत हासिल की गई थी। बाद में इन मिसाइलों का घरेलू उत्पादन शुरू करने के लिए बड़े ऑर्डर भी दिए गए। सेना और वायु सेना ने जो हेरॉन मार्क–2 ड्रोन ऑपरेशन सिंदूर में लाइव निगरानी के लिए इस्तेमाल किए, वे भी इसी नीति के तहत खरीदे गए थे। अब भारतीय ड्रोन निर्माण कंपनियों को भी तीनों सेनाओं से बड़े ऑर्डर मिलने की उम्मीद है।

# मिनटों की आंधी—बारिश से हाहाकारः दिल्ली—एनसीआर में पेड़ और खंभे गिरे



नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली समेत एनसीआर के कई इलाकों में शनिवार दोपहर को मौसम पूरी तरह से बदल गया। आसमान में अचानक से काले बादल छा गए। जिससे साथ तेज गर्म हवाएं चलने लगी। मिनटों की आंधी और बारिश से कई जगहों पर भारी नुकसान हुआ है।

आज तेज आंधी के कारण न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन की टिन की छत का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। सावधानी के तौर पर न्यू अशोक नगर स्टेशन पर परिचालन तत्काल रोक दिया गया है। घटना के संबंध में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। जांच की जा रही है। भविष्य में इस तरह की घटना को रोकने के लिए आवश्यक सुधार कार्य आरंभ कर दिए गए हैं। न्यू अशोक नगर स्टेशन पर सेवाएं अगले निर्देश तक बंद रहेंगी। वहीं नोएडा में भारी बारिश से शहर के कुछ हिस्सों में पेड़ और खंभा गिरने से गाड़ियों को नुकसान पहुंचा। सड़कों पर जाम लग गया। नोएडा में शनिवार को दोपहर के समय नोएडा और आसपास के इलाकों में अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह से चिलचिलाती धूप और तेज गर्मी से परेशान लोग जैसे ही राहत की उम्मीद छोड़ने लगे, दोपहर बाद मौसम ने करवट ले ली। देखते ही देखते आसमान में काले बादल छा गए और कुछ ही देर में तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। मौसम के इस बदलाव से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली और माहौल खुशनुमा हो गया। तेज हवाओं के साथ आई बारिश ने तापमान में गिरावट ला दी। सड़कों पर चल रहे लोग और बाजारों में खरीदारी कर रहे नागरिक अचानक हुई बारिश से बचने के लिए बस स्टॉप, मेट्रो स्टेशन और दुकानों के शेड के नीचे खड़े हो गए।

## पाक के आतंकी चेहरे को बेनकाब करने की तैयारी

नई दिल्ली। पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को लगातार दिए जा रहे समर्थन को उजागर करने के लिए भारत सरकार एक महत्वपूर्ण कदम उठाने वाली है और सभी राजनीतिक दलों के सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल को विश्व के अलग–अलग देशों में भेजकर पाकिस्तान को बेनकाब करने की योजना पर काम कर रही है।

सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को समर्थन देने को लेकर भारत सरकार कूटनीतिक योजना पर काम कर रही है और बहुदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को अलग–अलग देश भेजने वाली है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इस प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस सांसद शशि थरूर का भी नाम शामिल है।

# 'पाकिस्तान में 100 किमी अंदर घुसकर आतंकियों को मारा



गांधीनगर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज गुजरात के दौरे पर रहे। गांधीनगर में अमित शाह ने 708 करोड़ रुपये लागत के विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर पर भी अपनी बातों को रखा और भारतीय सेना की सराहना की। गृहमंत्री ने यहां पर कहा कि भारतीय सेना ने पहली बार पाकिस्तान में 100 किलोमीटर भीतर आतंकियों के शिविरों को नष्ट किया। उन्होंने कहा कि हमने 9 ऐसे स्थलों को नष्ट कर दिया जहां आतंकियों को प्रशिक्षित किया जाता था और उनके ठिकाने थे।

## यथार्थ को पलटने की कोशिश

आर्थिकी के नियमों के खिलाफ जाते हुए डॉनल्ड ट्रंप ने भूमंडलीकरण के दौर में बने यथार्थ को पलटने की कोशिश की। मगर इस क्रम में उन्होंने अमेरिका की कमजोरी को जग—जाहिर कर दिया है। इससे अमेरिकी रुतबे पर स्थायी प्रहार हुआ है।चीन के खिलाफ टैरिफ वॉर को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के कदम लडखड़ाते दिख रहे हैं। पिछले दो दिन में इस बारे में खुद उन्होंने और उनके वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने अपनी कमजोरी जाहिर करने वाले बयान दिए हैं। खबरों के मुताबिक पूंजीपतियों के साथ एक बैठक में बेसेंट ने कहा कि अमेरिका चीन पर लगाए गए टैरिफ को ज्यादा दिन लागू रखने की स्थिति में नहीं है।इसके बाद ट्रंप ने कहा कि 145 प्रतिशत बहुत ऊंची दर है, जिसे नीचे लाया जाएगा। मगर एक दिन बाद उन्होंने कहा कि ऐसा कोई फैसला अभी हुआ नहीं है। इस बीच एक अमेरिकी अखबार ने खबर दी कि टैरिफ को घटा कर 50 से 65 प्रतिशत के बीच लाया जाएगा। इन चर्चाओं से अमेरिका का शेयर बाजार संभला है।निवेशकों में धारणा बनी है कि आखिरकार ट्रंप प्रशासन बाजार की असलियत को समझने लगा है। बताया जाता है कि ट्रंप के रुख में बदलाव वॉलमार्ट, अमेजन और उपभोक्ता सामग्री स्टोर्स की मालिक कुछ अन्य कंपनियों के अधिकारियों से मुलाकात के बाद आया। इन अधिकारियों ने आगाह किया कि दो—तीन हफ्तों में जरूरी चीजों की किल्लत हो जाएगी, जिससे महंगाई में तेज बढ़ोतरी होगी। इन स्टोर्स की ज्यादातर सामग्रियां चीन से आती हैं। उसके बाद ऊंचे स्तर पर जो प्रतिक्रियाएं दिखीं, उसका संकेत यही है कि ट्रंप प्रशासन अब समाधान ढूंढ रहा है। इस क्रम में ऐसे बयान दिए गए हैं कि चीन से वार्ता होने वाली है। जबकि चीन की ओर से ऐसे कोई संकेत नहीं हैं। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि अगर अमेरिका बातचीत से हल चाहता है, तो उसे पहले धमकी और जोर—जबरदस्ती की भाषा छोड़ कर बराबरी और दोतरफा सम्मान की भावना से आगे आना चाहिए। यह घटनाक्रम जाहिर करता है कि अर्थशास्त्र के बुनियादी नियमों के खिलाफ जाकर कोई आर्थिक मकसद हासिल नहीं हो सकता।ट्रंप ने ऐसा कर भूमंडलीकरण के दौर में बने आर्थिक यथार्थ को पलटने की कोशिश की। मगर इस क्रम में उन्होंने अमेरिका की कमजोरी को जग—जाहिर कर दिया है। इससे अमेरिकी रुतबे पर स्थायी प्रहार हुआ है।

## टोल—फ्री बरकरार

सुप्रीम कोर्ट ने अपने उस फैसले की समीक्षा से इनकार कर दिया, जिसमें दिल्ली—नोएडा—डायरेक्ट यानी डीएनडी फ्लाईओवर को दैनिक यात्रियों के लिए शुल्क मुक्त रखने का आदेश दिया गया था। पीठ ने दिसंबर 2024 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के डीएनडी फ्लाईओवर को टोल—फ्री करने के फैसले को भी बरकरार रखा। साथ ही नोएडा प्राधीकरण समेत उप्र व दिल्ली सरकारों की आलोचना करते हुए सत्ता के दुरुपयोग व जनता के विश्वास के उल्लंघन द्वारा इसकी अंतरआत्मा को ठेस पहुंचाने की बात भी की। नोएडा टोल ब्रिज कंपनी लिमिटेड की अपील को खारिज करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा था, कंपनी ने परियोजना की लागत और पर्याप्त लाभ वसूल लिया है।

जिससे उपयोगकर्ता शुल्क या टोल लगातार लगाने या वसूलने का कोई औचित्य नहीं रह गया है। यह देश का पहला आठ लेन चौड़ा व तकरीबन नौ किलोमीटर लंबा एक्सेस—कंट्रोल एक्सप्रेस—वे है, जो दिल्ली के महारानी बाग व निजामुद्दीन इलाकों को नोएडा से सीधा जोड़ता है, जिससे यात्रा में लगने वाले समय में काफी कटौती होती है। 2001 में जब इसका उद्घाटन हुआ था तो पहले वाहनचालकों को यह टोल काफी ज्यादा लगता था। मगर समय व ईंधन की बचत के चलते यह नियमित यात्रियों के लिए बेहद सुविधाजनक बनता चला गया। प्राधिकरण व कंपनी की मिलीभगत के कारण लंबे अरसे तक टोल वसूली जारी रही। मामला जब अदालत में गया तो दोनों की तरफ से अलग—अलग दलीलें दी गई। मगर उस वक्त ही सबसे बड़ी अदालत ने प्राधिकरण द्वारा कंपनी से रियायत समझौतों के माध्यम से किए गए अनुबंध को अनुचित, अन्यायपूर्ण व संवैधानिक मानदंडों के अनुरूप नहीं बताया था। अधिकारों का अतिक्रमण करते हुए प्राधिकरण ने शुल्क के निर्धारण, संग्रह व विनियोजन का नियंत्रण दिया था, उसे अदालत ने कानूनन अवैध ठहराया था। प्राधिकरण की मिलीभगत के चलते इस तरह का नुकसान केवल आम नागरिक ही नहीं भुगतता बल्कि राजस्व में भी नुकसान होता है। यूं भी एनसीआर से रोजाना यात्रा करने वालों से की जाने वाली वसूली निंदनीय ही कही जाएगी। माल—बंटवारे या अन्य किसी लोभ के अदालत का कीमती वक्त जाया करने वालों से मुआवजे की वसूली भी की जानी जरूरी है। जो न सिर्फ अपनी गलती स्वीकारने को राजी हैं, बल्कि बिला—वजह पुनर्विचार की अपेक्षा भी कर रहे हैं।

# त्याग, तपस्या और संघर्ष की प्रतिमूर्ति थे महान स्वतंत्रता सेनानी संपादकाचार्य पण्डित भैरव दत्त धूलिया

**नागेन्द्र उनियाल,**
**सम्पादक**

जनसरोकारों और स्वशासन की आजादी एवं पत्रकारिता के सर्वोच्च आयाम स्थापित करने के लिए त्याग, तपस्या और संघर्ष की प्रतिमूर्ति को अगर देखने की चाहत हो तो महान स्वतंत्रता सेनानी संपादकाचार्य पण्डित भैरव दत्त धूलिया जी की जीवनी का अवलोकन कर अपनी तृष्णा को पूरा किया जा सकता है।

आजादी के लिए लगभग 6 वर्षों तक जेल में रहना और इस दौरान पत्नी सहित परिवार के तीन सदस्यों को खोकर भी बिलाइतियों के सामने सीना तान कर खड़ा रहना, आजादी मिलने के बाद कांग्रेस को तिलांजलि देकर जनसरोकारों से जुड़े रहने के लिए समाचार पत्र का संपादन स्वीकार करना, निर्दलीय विधायक का चुनाव जीतना और मात्र सात महीने में ही विधायक पद को छोड़ देना, पण्डित भैरव दत्त धूलिया जी का यह त्याग उन्हें एक जनकल्याणकारी ऋषि की श्रेणी में खड़ा कर देता है। पण्डित भैरव दत्त धूलिया जी की सादगी और ऋषि रूप का मैं भी चश्मदीद हूं। मैंने जब अपने बड़े भाई लोकतंत्र सेनानी श्री नरेन्द्र उनियाल की अकाल मृत्यु के बाद 1981 में जयन्त साप्ताहिक का प्रकाशन संपादन करना शुरू किया तो मैं पण्डित भैरव दत्त धूलिया जी के विराट व्यतित्व से अनभिज्ञ था, तब सभी साप्ताहिक समाचार पत्र पोस्टल डाक से ही जाते थे। तो हमारी मेलिंग लिस्ट में पण्डित भैरव दत्त धूलिया जी संपादक कर्मभूमि का नाम भी था। मैंने अपने सहयोगियों से पूछा कि इनका शुल्क तो कहीं नहीं दिख रहा फिर फ्री में क्यों भेजते हैं तो मुझे जवाब मिला कि पण्डित भैरव दत्त धूलिया जी बहुत बड़े संपादक हैं, जो लोग समाचार पत्र प्रकाशित करते हैं तो अवलोकन के लिए अपनी अपनी एक एक प्रति उन्हें जरूर भेजते हैं। जिससे वे अनेक समाचार पत्रों का तो रैपर ही नहीं खोल पाते हैं। मेरी पण्डित भैरव दत्त धूलिया जी के बारे में जानने की जिज्ञासा बढ़ गई, मेरी एक बड़ी कमी ये है कि मैं किसी से सुनने पर कम भरोसा करता हूं इसलिए अपने ही बगल जो व्यक्तित्व हो उससे स्वयं मिलने चला गया।

दादा की उम्र के लगने वाले पण्डित भैरव दत्त धूलिया जी के पास जब मैं पहुंचा तो शिष्टाचार के तहत प्रणाम कर अपना परिचय दिया तो उनका जो संबोधन मेरे लिये निकला उसको सुनकर मुझे लगा कि ये साधारण व्यक्ति नहीं कोई ऋषि है। उन्होंने मुझ 22 साल के अपरिपक्व संपादक को कहा कि आइए "संपादक जी"।

पण्डित भैरव दत्त धूलिया जी ने कर्मभूमि के सम्पादन और प्रकाशन में जनसरोकारी को सर्वोपरि रखते हुए पत्रकारिता के जो उच्च मापदण्ड स्थापित किए उसका एक वृत्तांत यहां देना उचित समझता हूं। पण्डित भैरव दत्त धूलिया जी कभी भी कर्मभूमि के प्रकाशन के लिए सरकार, नेता और जनता में विज्ञापन के लिए कभी नहीं गए बल्कि सरकार नेता और आम जनता खुद उनके पास आती थी कि हमारा विज्ञापन और वार्षिक चंदा स्वीकार कीजिए। यानि तब कर्मभूमि जिस व्यक्ति के घर पर पहुंचता था, गांव मोहल्ले में उसका विशेष स्टेट्स माना जाता था। ऐसे ही जिसका भी विज्ञापन कर्मभूमि में छपता था उसका कद बहुत बड़ा माना जाता था। इसका भी मैं चश्मदीद हूं, 1981 में गढ़वाल लोक सभा का उपचुनाव चल रहा था, सत्ता पक्ष की ओर से चंद्रमोहन सिंह नेगी और विपक्ष की ओर से हेमवती नंदन बहुगुणा चुनाव मैदान में थे, बहुगुणा जी की ओर से एमएलसी क्रांति कुमार मीडिया को देख रहे थे, जिन्होंने विज्ञापनों के लिए कोटद्वार के सभी अखबार प्रतिनिधियों को विज्ञापन देने के लिए बुलाया, लेकिन वहां कर्मभूमि से कोई नहीं आया था। तब जिज्ञासावश मैने क्रांति कुमार जी से कर्मभूमि के न आने का कारण पूछा तो उन्होंने कहा कि हमारी और स्वयं बहुगुणा जी उनको बुलाने की हैसियत नहीं, बहुगुणा जी स्वयं उनके पास जाएंगे। पंडित भैरव दत्त धूलिया का जन्म 5 गते जेठ संवत 1958 , 18 मई 1901 , ग्राम मदनपुर , ज़िला पौड़ी गढ़वाल के एक प्रतिष्ठित ब्राह्मण परिवार में हुआ था । आपके पिताजी दो भाई थे ; बड़े भाई पंडित श्री राम जी ज्योतिष शास्त्र के विद्वान एवं एक पारंगत पंडित थे , उनके पिता पंडित हरी दत्त एक कर्मठ व्यक्ति थे और सभी ग्रामीण कार्यों में निपुण थे ; उन्हें लोग ' विल्लेज बेरिस्टर ' कहते थे । आपकी शुरू के 14 वर्ष तक की पढ़ाई गाँव के ही अपर प्राइमरी बनकंडी स्कूल में हुई । इसके अलावा आपको तीन संस्कृत के पंडितों ने घर पर ही शिक्षा दी । इसके पश्चात वह दुगड्डा , संस्कृत एवं आगे की ओपचारिक पढ़ाई के लिए चले गए ।

दुगड्डा के छात्र जीवन के समय ही धूलियाजी का विवाह चमेठा ग्राम के पंडित केवल राम जी , जो एक सम्पन्न ठेकेदार थे की पुत्री छवाणी से सम्पन्न हुआ । उस समय उनकी उम्र 14 वर्ष की थी और उनकी स्त्री की 9 वर्ष । विवाह बड़े धूम धाम से सम्पन्न हुआ । धूलिया जी का परिवार पुरोहितों का परिवार था , अच्छी ख़ासी यजमानी थी । विवाह में आतिश बाज़ियाँ थीं ; 16 देसी बाजे वाले , चार जोल के घरेलू बाजे ,तुरही व सिणाई घरेलू शुभ सूचक बजे थे । बारात करीब 600 लोगों की थी । मदनपुर और चमेठा की दूरी करीब 12–14 मील की होगी ; बारात करीब 2 मील की थी । विवाह बहुत अच्छे से सम्पन्न हुआ । पत्नी एक दो दिन मैं वापस माइके चली गयी और फिर तीन वर्ष बाद आयीं । भैरव दत्त जी अपनी पढ़ाई दुगड्डा मैं करते रहे।

1918 मैं भैरवदत्त जी आगे की पढ़ाई के लिए बनारस चले गए । वहाँ रहकर उन्होने , वाराणसी संस्कृत कॉलेज जो क्वीन्स कॉलेज के नाम से जाना जाता था मैं संस्कृत की ' प्रथमा ' परीक्षा दी और फिर मध्यमा भी उत्तीर्ण की । वह वहाँ कई प्रख्यात पंडतों के संपर्क मैं आए और उनसे संस्कृत मैं शिक्षा ग्रहण की । जलियाँवाला बाग कांड के पश्चात , गांधी जी के द्वारा असहयोग आंदोलन आरंभ हुआ । साथ साथ 01 अगस्त 1920 तिलक दिवस मनाने की घोषणा की और काँग्रेस मैं चवन्नी सदस्य बनाने की प्रक्रिया शुरू । इसी समय धूलिया जी काँग्रेस के सदस्य बने ; वह शायद गढ़वाल के पहले ' चवन्नी सदस्य ' होंगे ।

बनारस मैं गांधी जी का आगमन हुआ ; पहली बार भैरव दत्त धूलिया जी ने उनके दर्शन किए और उनके सादे लिबास से आश्चर्य चकित एवं प्रभावित हो गए । इतनी भीड़ थी की भाषण सुनने हाल में न जा सके पर दूसरे दिन आखबार मैं उनका भाषण पढ़ा । शायद तभी से वो गांधी जी के अनुयाई हो गए । वह लिखते हैं :

" इन्हीं आंदोलनो के दरमियान गांधीजी दुबारा बनारस आए । वे बनारस केंट स्टेशन पर उतरे थे । भीड़ अभूतपूर्व थी । सारा स्टेशन , स्टेशन का पुल, तथा रास्ता आदमियों से भर गया था । ङ्ग. दूसरे दिन हिन्दू कॉलेज महाराजा बनारस हाल मैं , गांधी जी का व्याख्यान था । छात्र तथा जनता भारी संख्या मे उपस्थित थे । मालवीय जी भी सभा मैं उपस्थित थे । गांधी जी लड़कों को असहयोग का उपदेश देने आए थे । बड़ा कौतुहल पूर्ण दृश्य था । मालवीय जी ने कहा की लड़कों को पढ़ाई नहीं छोड़नी चाहिए । पढ़ाई के साथ साथ देश का काम भी करना चाहिए । इसलिए विश्वविद्यालय बंद नहीं होने चाहिए । महात्मा जी बोले भाइयों अगर आपको किसी का कहना मान कर काम करना हो तो आप मालवीय जी जैसा कहते हैं वैसा करो । परंतु इस समय देश मुसीबत मैं पड़ा है आपको देश के लिए सब कुछ न्योछावर करना है ।इसमें आप अपने अन्तःकरण को टटोलें और जैसे अन्तःकरण की आवाज़ हो वैसा ही करें । देश को दासता से मुक्त करना है । उसमें एक बार सब कुछ न्योछावर करना होगा । रोज़ मीटिंगे होती रहीं और एक दिन 500 लड़कों ने विद्यालय छोड़ने का निश्चय कर लिया । "

गढ़वाल मैं असहयोग आंदोलन श्री मुकंदिलाल बेरिस्टर एवं अनुसुया प्रसाद बहुगुणा ने शुरू किया और भैरव दत्त जी बनारस से उनका साथ देने , गढ़वाल लौट आए । गढ़वाल असहयोग आंदोलन कुली एवं अन्य बेगारी के खिलाफ आंदोलन की सूरत मैं शुरू हुआ । उस समय जब अंग्रेज़ अफसर , हाकिम , पटवारी आदि अपने दौरे पर आते थे

तो सभी हिस्सेदारों को बेगारी मैं योगदान करना पड़ता था । जैसे कुली प्रदान करना , भोजन , चावल , घी , घोड़े की घास । भैरवदत्त जी ने अपने संस्मरण मैं लिखा है :

" पहाड़ी जिलों मैं हाकिमों का सामान ढोने के लिए अङ्ग्रेज़ी हुकूमत द्वारा ' कुली बेगार ' को एक कानूनी रूप दे दिया था । गाँव का हर हिस्सेदार , जिसका नाम फाट में दर्ज़ होता था एक कुली समझा जाता था । हाकिमों के अलावा पटवारी भी जब पट्टियों मैं घूमते थे और एक गाँव से दूसरे गाँव जाते थे तो उन्हें बेगार मैं भोजन तथा सामान देने के लिए एक कुली दिया जाता था । मालगुज़ार इस व्यवस्था को करता था । कुछ गाओं पर भोजन सामाग्री की बेगार जैसे अच्छी बासमती के चावल , अच्छा घी , आदि था । कुछ गाँव वालों पर दूध की बेगारी होती थी । यदि साहब लोगों का घोड़ा होतो घास तथा दाने की बेगारी होती थी । फिर सामान धोने की बेगारी महत्वपूर्ण होती थी । साहब , सीरस्तेदार , अहलमद , चपरासी , भंगी , सभी के लिए अलग गाँव थे । बेगार का बंटवारा पटवारी करता था । पटवारी की योग्यता का मानदंड उसकी बेगार की व्यवस्था ही थी "।

मुकंदिलाल जी के कहने पर भैरवदत्त जी , श्री भोला दत्त चंडोला और भोला दत्त डबराल नौगाओंखाल ( चोंदकोट ) डेप्युटी कमिश्नर श्री पी मेसन की ' बेगार ' बंद करने के लिए भेज दिये गए । वहाँ थोकदार केसर सिंह ने पूरी व्यवस्था कर रखी थी । वे बेगारी समाप्त करने मैं सफल हुए । नौगाओंखाल मैं मालगुज़ार लोगों को छोड़कर एक भी व्यक्ति बेगारी के लिए नहीं आया । मेसन अपना सामान छोड़कर वापस पौड़ी आ गए और सरकार को पत्र लिखा ' बेगारी ' समाप्त करने को । यह गढ़वाल में आंदोलन की पहली जीत थी

हुकूमत को बाहर निकालें और युद्ध कोई मदद न करे । लैन्सडाउन क्योंकि कैंट था इसलिए मिलिट्री ने इसे बड़ी गंभीरता से लिया और उस लेख का अङ्ग्रेज़ी तर्जुमा कर डेप्युटी कमिश्नर को भेजा । जब डिप्टी कमिश्नर अपने दौरे पर आया तो उसने धूलियाजी को बुलवाया और वह उनसे मिले । सब कुछ पढ़ने के बाद वो उनसे बोले ठीक है ऐसा तो नेहरू और गांधी भी लिखते हैं । फिर बोले क्योंकि अब तक यहाँ ' डिफेंस ऑफ इंडिया ऐक्ट ' लागू नहीं हुआ है इसलिए वे उन्हें गिरफ्तार नहीं कर रहे हैं , पर उन्हें एहतियात बरतने को कहा । इसके बाद भी अखबार अपने संपादकीय को लेकर अङ्ग्रेज़ी हुकूमत से लड़ता रहा , परिणाम स्वरूप अखबार पर प्रतिबंद लगे , जुर्माना भर्ना पड़ा । साथ धूलियाजी का डाइरेक्टरों से मतभेद हो गए और इसलिए 1939 के अंत मैं वो ' कर्मभूमि ' छोड़कर दिल्ली तिबिया कॉलेज चले गए और वहाँ बतौर प्रोफेसर नियुक्त हो गए । भक्तदर्शन जी ने फिर एक संपादक मण्डल का गठन किया और उसमें धूलियाजी भी शामिल थे । टीबीय कॉलेज मैं राष्ट्रिय आंदोलन ज़ोरों से था वहाँ की कांग्रेस की गतिविधियों में हिस्सा लेते रहे । सन 1942 जब भारत छोड़ो आंदोलन शुरू हुआ तो जनता को प्रोत्साहन के लिया , जागरूकता के लिया कई पर्चे छपवाते थे और छात्रों द्वारा वितरित करते थे । दिल्ली मैं भारत छोड़ो आंदोलन का नेतृत्व अरुणा आसिफ अली कर रही थी और छात्रों का नेतृत्व तिब्बीया कॉलेज से कर रहे थे भैरवदत्त जी । उन्होने इसी दौरान एक पुस्तिका बंबई से छपवाई जिसमें भारत छोड़ो आंदोलन की रूप रेखा थी और आहवाहन था जनता को की अंग्रेजों को बाहर धकेलो । यह पुस्तिका ' हनुमान चालीसा 'के नाम सी वितरित हुई। गढ़वाल में श्री योगेश्वर प्रसाद धूलिया और श्री केशेव चन्द्र धूलिया द्वारा । गढ़वाल के दादा मंडी और उदयपुर इलाके में इसके वितरण से सनसनी मच गई । पर एक जासूस ने पुलिस को खबर कर दी नतीजा यह हुआ की पौड़ी का 'एस डी एम' श्री मल्ल एक दर्जन पुलिस कर्मियों को लेकर दिल्ली पहुँच गया और धूलिया जी के करोल बाग निवास स्थान घेर लिया । रात भर तलाशी चलती रही , पूरा घर उलट पलट कर दिया , कई महत्वपूर्ण दस्तावेच बिखर गए और फिर न मिले । पुलिस ' हनुमान चालीसा ' पुस्तिका की तलाश मैं आई थी वह न मिली पर एक पत्र अरुणा आसिफ अली का और कुछ और दस्तावेच के आधार पर मुकदमा कोटद्वार में चला और धूलिया जी को 7 साल की सज़ा हुई झ सरकार का तख़्ता पलटने की सजिस के आरोप में। पहले वह बरेली जेल रहे और बाद में बी ग्रेड का दर्जा मिलने पर मेरठ भेजे गए, जेल मैं धूलिया जी ने करीब दो दर्जन व्यक्तियों को गीता पढ़ाई । फरवरी 1945 को जेल से छूटने के बाद वह गढ़वाल लौटे और कर्मभूमि और राष्ट्रीय आंदोलन में जुट गए ।

आज़ादी मिलने पर भक्तदर्शन जी सरकारी नियुक्ति पर चले गए और कर्मभूमि का सम्पूर्ण काम धूलियाजी करने लगे । 1949 के मध्य में आपने स्वतंत्र रूप से ' कर्मभूमि' का काम ले लिया जिसे निष्ठा पूर्ण वह 1988 तक चलते रहे । इस कार्य में उनका हाथ उनके छोटे भाई श्री योगेश्वर प्रसाद धूलिया एवं छोटे पुत्र श्री शरत चन्द्र धूलिया परस्पर करते रहे ।

ताकि गढ़वाल और घर की खबर मिलती रहे । सामाजिक और राजनेतिक समाचार ही नहीं बल्कि, अंतर्राष्ट्रीय समाचार , साहित्यिक लेख और रचनाएँ 'कर्म भूमि ' में बराबर छपती थीं और धूलिया जी ने कई कविओं और लेखकों को प्रोत्साहित किया ।

समय और साधना के साथ 'संपादकजी' , 'कर्मभूमि' एवं 'भैरवदत्त धूलिया ' एक पर्यायवाची बन गए थे । ज़्यादातर लोग उन्हें ' संपादकजी ' के नाम से संबोधित करते थे । यह उनकी सबसे बड़ी कमाई , उपलब्धि थी । उन्होने अपने बाकी सहयोगियों की तरह किसी सरकारी पद की न कामना की न कोशिश की ; राष्ट्रीय आंदोलन के अपने त्याग को वह एक कर्तव्य मानते थे और ' कर्मभूमि ' के जरिये वह उसे आगे पूरा कर रहे थे । देश मैं कांग्रेस की नीतियों और सरकार से असंतुष्ट होकर वे 1962 एवं 1967 का विधान सभा चुनाव लड़ा 1962 मैं हारे और 1967 मैं विजयी रहे । वे निर्दलीय लड़े और मुख्य मंत्री एवं अन्य पार्टियों के निवेदन के बावजूद कोई मंत्री पद स्वीकार नहीं किया । संविद सरकार के असंतुष्ट काम से दुखी होकर उन्होने करीब 7 महीनों मैं ही त्यागपत्र दे दिया । कुछ दिन बाद सरकार खुद गिर गयी ।उसके बाद वह अंतिम क्षण तक पत्रकारिता की सेवा करते रहे । उनके ' संपादकीय ' हर समय बड़े चाव से पढे जाते और वह मुश्किलों के साथ अपने शोध कर नए नए विषयों पर लिखते रहते । उनके लिखे ' संपादकीय ' एक अमूल्य धरोहर हैं , एक आईना है हमारे समाज का , एक एतिहासिक दस्तावेच है ।धूलिया जी का जीवन संघर्ष मय तो था ही ; उन्हें हर पड़ाव पर निजी दुख का सामना करना पड़ा झ जेल में जब वे थे तो उनकी पत्नी , पुत्र , भाई गुज़र गए । जेल से छूटने पर उनके पिता नहीं रहे । वृदधा अवस्था में उनके ज्येष्ठ पुत्र की मृत्यु हो गई । यह सब चोट सह कर वे अपनी पत्रकारिता करते रहे ।



# तन्वी द ग्रेट से अनुपम खेर की पहली झलक आई सामने, किरदार से भी उठा पर्दा



दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर इन दिनों अपनी पहली निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेटझ् को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। एक्टर फिल्म को लेकर लगातारनए—नए अपडेट शेयर कर रहे हैं और फिल्म की स्टारकास्ट से परिचय करा रहे हैं। अब तक कई एक्टर्स के पोस्टर वो जारी कर चुके हैं। अब अनुपम खेरने फिल्म से अपने किरदार को जारी किया है। अनुपम खेर स्टूडियो की ओर से अनुपम के किरदार के बारे में जानकारी देते हुए एक पोस्ट की गई है। इस पोस्ट में अनुपम खेर के किरदार 'कर्नल प्रतापरैनाझ् के बारे में जानकारी देते हुए लिखा गया, 'तन्वी द ग्रेटझ् के अभिनेता अनुपम खेर ने चार दशकों से हमें हंसाया, रुलाया, खुश किया और भारत औरविदेश दोनों की फिल्मों में कई यादगार किरदार दिए। अब वह एक ऐसे किरदार को निभाने जा रहे हैं जिसकी कहानी उन्होंने खुद लिखी है। कर्नल प्रताप रैना, जो अपनी चुप्पी को अपने शब्दों से ज्यादा जोर से बोलने देते हैं। लेकिन फिर उनकी दुनिया में कोई और आता है। कोई ऐसाजिसकी चुप्पी की अपनी एक कहानी है। जब परिस्थितियां इन दो ताकतों को एक साथ लाती हैं, तो उनकी दुनिया थोड़ी हिल जाती है। कभी—कभीयह आपको हंसाता है और कभी—कभी आप अपने आंसू रोक लेते हैं।

## व्हाइट स्ट्रैपलेस ड्रेस में मोनालिसा ने ढाया कहर

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा हर बार की तरह इस बार भी अपने बोल्ड और ग्लैमरस अंदाज़ से सोशल मीडिया पर छा गई हैं. हाल ही में उन्होंने हंगामा ओटीटी की ग्रैंड सक्सेस पार्टी में शिरकत की जहां उन्होंने व्हाइट स्ट्रैपलेस मिनी ड्रेस पहनकर सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया. मोनालिसा ने इस इवेंट से अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं जो अब इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं. एक्ट्रेस ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, कल रात के बारे में... पर हंगामाओटीटी की ग्रैंड सक्सेस पार्टी... मेरी सीरीज 'जुड़वा जालझ् का इंतजार नहीं कर सकताझ. उन्होंने अपनी अपकमिंग सीरीज़ और फैंस के प्यार के लिए भी धन्यवाद कहा है. मोनालिसा के इस लुक को देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे. किसी ने उन्हें हॉट क्वीन कहा तो किसी ने फैशन दीवा बताया.

# मुंबई इंडियंस को छठा खिताब दिलाने के लिए जसप्रीत बुमराह ने बदला रोल

नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस आईपीएल इतिहास की सबसे सफल टीमों में से एक है। इस टीम ने चेन्नई सुपर किंग्स के बराबर पांच खिताब जीते हैं। मुंबई को अब इस साल अपने छठे खिताब की तलाश है और इसके लिए टीम का हर खिलाड़ी तैयारी कर रहा है। जसप्रीत बुमराह भी पूरी कोशिश कर रहे हैं कि वह जिस तरह से हो सके टीम को खिताब दिलाने में योगदान दे सकें।

ब्रेक के बाद आईपीएल शुरू हो रहा है और मुंबई अपनी तैयारी में जुट गई है। बुमराह भी इसमें पीछे नहीं है। टीम को जीत दिलाने के लिए वह अपना रोल बदलने भी तैयार हैं। इसकी तैयारी भी उन्होंने शुरू कर दी है। बुमराह ने इसकी झलक दिला दी है और इसका वीडियो भी इस समय वायरल हो रहा है।




**बुमराह न भांजा बल्ला**

बुमराह की गेंदबाजी कितनी धारदार है इसका सबूत किसी को नहीं चाहिए। सभी जानते हैं कि बुमराह अपनी गेंदबाजी से क्या कमाल कर सकते हैं। लेकिन मुंबई को जीत दिलाने के लिए बुमराह ने अपने बल्ले की धार को भी तेज करने की ठान ली है। मुंबई के नेट सेशन में उन्होंने बल्लेबाजी की और खूब लंबे—लंबे शॉट्स मारे। बुमराह काफी नीचे बल्लेबाजी करते हैं। उनकी कोशिश रहती है कि अगर उनकी बैटिंग आए तो वह लंबे—लंबे शॉट्स मारें और टीम को मजबूत स्कोर दें।वैसे भी बुमराह की बल्लेबाजी का कहर इंग्लैंड से स्टुअर्ट ब्रॉड देख चुके हैं। उन्होंने भारत के पिछले इंग्लैंड दौरे पर एजबेस्टन में खेले गए मैच में ब्रॉड के ओवर में 35 रन मारे थे जो टेस्ट में एक ओवर में बनाए गए सबसे ज्यादा रनों का रिकॉर्ड भी है।

# विजय देवरकोंडा की किंगडम का पहना गाना हृदयम लोपाला रिलीज

विजय देवरकोंडा, भाग्यश्री बोरसे अभिनीत आगामी फिल्म किंगडम का पहला सिंगल हृदयम लोपाला रिलीज़ हो गया है, जिसे अनिरुद्ध रविचंदर ने कंपोज किया है। प्रोमो, जो कुछ दिन पहले ही रिलीज़ हुआ था, को पहले ही 20 मिलियन से ज़्यादा व्यू मिल चुके हैं और इसने सभी को गुनगुनाने पर मजबूर कर दिया है। अब, जब पूरा वीडियो रिलीज़ हो गया है, तो इसने उम्मीदों को और बढ़ा दिया है। अनिरुद्ध रविचंदर ने एक बार फिर संगीतकार के तौर पर अपनी काबिलियत साबित की है, उन्होंने एक दिल को छू लेने वाली धुन बनाई है जिसमें अनुमिता नादेसन की जादुई आवाज़ है। इस गाने में केके के काव्यात्मक बोल और डार गाई की मनमोहक कोरियोग्राफी है, जो ट्रैक में




विजुअल इमोशन जोड़ती है। गाने के विजुअल भव्य, खूबसूरत और हाइप के मुताबिक हैं, जिससे फिल्म की रिलीज़ का इंतज़ार करना मुश्किल हो रहा है। विजय देवरकोंडा, गौतम तिन्ननुरी और अनिरुद्ध रविचंदर के बीच सहयोग एक विजयी फॉर्मूला साबित हो रहा है, जो फिल्म के अन्य गानों के बारे में प्रत्याशा को और बढ़ाता है।

# संजू सैमसन हैं तैयार तो वैभव सूर्यवंशी जाएंगे टीम से बाहर

नई दिल्ली। जब आईपीएल—2025 को बीच में रोका गया था तब पंजाब किंग्स का सामना दिल्ली कैपिटल्स से हो रहा था। हालांकि, उस मैच को अब दोबारा खेला जाएगा, लेकिन इससे पहले पंजाब की टीम जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगी। इस मैच में पंजाब की टीम अपनी प्लेइंग—11 में बदलाव करने को मजबूर है। कुछ यही हाल राजस्थान रॉयल्स का है।राजस्थान की टीम प्लेआ-ॅफ की रेस से बाहर हो गई है। अब उसके लिए बाकी के मैच सम्मान की लड़ाई है। वहीं पंजाब की टीम प्लेऑफ की रेस में है। 11 मैचों में पंजाब ने सात मैचों में जीत हासिल की है तो वहीं तीन में उसे हार का सामना करना पड़ा है। उसके इस समय 15 अंक हैं।

**पंजाब देगी इन खिलाड़ियों को मौका**

पंजाब के कुछ विदेशी खिलाड़ी अपने घर लौट गए थे। ये खिलाड़ी हैं मार्कस स्टोइनिस और जोश इंग्लिस। हालांकि, ये दोनों अभी तक लौटे नहीं हैं और इसलिए राजस्थान के खिलाफ मैच में उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। इसके बाद वह सभी मैचों में उपलब्ध रहेंगे। राजस्थान के खिलाफ विष्णु विनोद को मौका मिल सकता है। वह इंग्लिस की जगह ले सकते हैं। वहीं स्टोइनिस की जगह हरप्रीत बराड़ को मौका मिल सकता है। प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह की जोड़ी ओपनिंग की जिम्मेदारी निभाएंगे। विष्णु विनोद तीसरे नंबर पर आ सकते हैं। उनके बाद श्रेयस अय्यर, नेहाल वढेरा, शशांक सिंह का खेलना तय है। फिर हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह ओमरजई, माकी यानसेन, युजवेंद्र चहल और अर्शदीप सिंह का नाम होना तय है।



# जिला योजना में 74 करोड़ 28 लाख का परिव्यय अनुमोदित

## प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में हुई वार्षिक जिला योजना की बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : मंत्री शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सहकारिता व जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में क्लेक्ट्रेट सभागर में वार्षिक जिला योजना की बैठक संपन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक जिला योजना में 74 करोड़ 28 लाख का परिव्यय अनुमोदित किया गया। कहा कि पिछले वर्ष जनपद में काफी अच्छे काम हुए हैं।

इस दौरान मंत्री ने विभागवार पीडब्लूडी, आरडब्लूडी, पेयजल, कृषि एवं उद्यान, मत्स्य, सिंचाई, उरेड़ा, पर्यटन, खेल एवं युवा कल्याण, पंचायती राज, शिक्षा एवं बाल विकास की प्रस्तावित जिला योजना की समीक्षा की। उन्होंने जनपद में गरीब व अनाथ बच्चों को लिए छात्रावास देने की बात कही। उन्होंने खेल विभाग के माध्यम से विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को लेकर खेल कैलेंडर बनाने के निर्देश दिए। वहीं आरडब्ल्यूडी को नवोदय विद्यालय गैरसैंण के भवन को लेकर विधायक एवं एसडीएम से समन्वय करते हुए शिक्षा विभाग को हैंडओवर करने को कहा। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को रूद्रनाथ यात्रा मार्ग पर मेडिकल रिलीफ पोस्ट को लेकर आवश्यक कार्यवाही करने, जोशीमठ उप जिला चिकित्सालय के निर्माण में तेजी लाने और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र थराली व पोखरी के उच्चीकरण को लेकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से जनपद में पिछले वर्ष किए गए नवाचारी कार्यों की जानकारी दी।

जिसमें अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाओं से युक्त भराड़ीसैण का मॉडल स्कूल, गोपेश्वर और कर्णप्रयाग में ई लाइब्रेरी, कृषि के क्षेत्र में टनल फार्मिंग, मशरूम उत्पादन, कीवी उत्पादन आदि सराहनीय कार्य किए गए है। इस दौरान कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल,थराली विधायक भूपाल राम टम्टा, बद्रीनाथ विधायक लखपत बुटोला, भाजपा जिला अध्यक्ष गजपाल बर्त्वाल, मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी, डीएफओ तरुण एस, पीडी आनन्द सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



### नये कामों पर खर्च होगी 53 प्रतिशत धनराशि

जिला योजना के अर्न्तगत प्रमुख विभागों में लोक निर्माण विभाग को 9.03 करोड़, राजकीय सिंचाई को 6.65 करोड व लद्यु सिंचाई को 2.9 करोड, पेयजल संस्थान को 5.95 करोड व पेयजल निगम को 2.3 करोड़, पर्यटन को 5.18 करोड, प्रादेशिक विकास दल 4.6 करोड़, पशुपालन को 4.53 करोड, कृषि को 4.0 करोड, उद्यान को 4.1 करोड, प्रारम्भिक शिक्षा को 4.3 करोड व माध्यमिक शिक्षा को 4.25 करोड, सहकारिता को 1.4 करोड़, मत्स्य विभाग 1.0 करोड का परिव्यय अनुमोदित किया गया। अर्थ एवं संख्या अधिकारी विनय जोशी ने बताया कि इस बार की जिला योजना में नये कामों के लिए 53 प्रतिशत, वचनबद्ध व मानदेय के अन्तर्गत 30 प्रतिशत व स्वरोजगार के लिए 15 प्रतिशत धनराशि रखी गयी है। बताया कि जनपद की देनदारिया बहुत कम रहीं, आगे भी देनदारियां कम रखने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# उत्तराखंड ग्रामीण विकास बैंक ने महिलाओं को दिया लोन

विकासनगर। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उत्तराखंड ग्रामीण बैंक की ओर से शनिवार को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ब्लॉक सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला एवं ऋण वितरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में महिलाओं के लिए कुल एक करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए बैंक के सहायक महाप्रबंधक केएम शर्मा ने कहा कि विकास के आधार स्तम्भ में से एक, महिलाओं के समग्र सामाजिक–आर्थिक विकास और महिला नेतृत्व विकास के प्रयास को सफल बनाने के लिए ऋण वितरण कार्यशाला आयोजित की गई है। कहा कि उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के प्रमुख उद्देश्यों में महिलाओं और बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आर्थिक विकास, सुरक्षा, विभिन्न शासकीय सेवाओं की पहुंच में सुनिश्चितता, महिलाओं के आर्थिक स्वावलम्बन और समाज में आर्थिक भागीदारी बढ़ाने के लिए एकीकृत प्रयास शामिल हैं। बताया कि भारतीय जीवनशैली में महिलाओं की भूमिका सदैव अग्रणी रही है। हम जितने अधिक अवसर और सुविधाएं बहन–बेटियों को देंगे तो वे समाज को कई गुना लौटाकर देंगी। महिला शक्ति से देश नई उंचाई तक पहुंच सकता है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। समय के साथ शिक्षा, तकनीक और अन्य क्षेत्रों में उनकी भूमिका बढ़ रही है। प्रधानमंत्री ने भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास के माध्यम से महिलाओं को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया है, जिससे महिलाओं की भूमिका न केवल परिवार और समाज के विकास में अग्रणी रहे, अपितु विकसित भारत अभियान में भी उनकी सहभागिता हो। इस दौरान बीडीओ शक्ति प्रसाद भट्ट, शाखा प्रबंधक प्रियंका साहनी आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### स्व.कपूर का सपना हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले : सविता कपूर

देहरादून। स्व.हरबंस कपूर सदैव इस प्रयास में लगे रहे कि समाज का प्रत्येक बच्चा अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करे। इसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए शनिवार को कैंट विधायक सविता कपूर ने अम्बवती दून वैली स्कूल पंडितवाड़ी में विधायक निधि से निर्मित कक्षों का लोकार्पण किया। सविता कपूर ने विद्यालय से 10वीं और 12वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्र–छात्राओं को प्रमाणपत्र और पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और भविष्य में भी शिक्षा से जुड़ी आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, समस्त अध्यापक–अध्यापिकाएं, छात्र–छात्राएं, क्षेत्रीय पार्षद, पूर्व पार्षद तथा तीनों मंडलों के मंडल अध्यक्ष और क्षेत्रीय लोग भी उपस्थित रहे। सभी ने विधायक सविता कपूर के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की और उनके द्वारा किए जा रहे शिक्षा संबंधी कार्यों की भूरी–भूरी सराहना की। इससे पहले विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। संचालन अध्यापिका शशि शुक्ला ने किया। विद्यालय प्रधानाचार्य डीसी भट्ट ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण परिश्रम और अनुशासन का महत्व समझाया। कार्यक्रम में सुखपाल परमार,जयदीप दर्शन, अजय शर्मा, अनिल राठौर, सुमन, प्रज्ञा जोशी, अर्चना वशिष्ठ, कुंदन, सरिता, सिमरन, हर्ष यादव, रमेश चन्द्र काला उपस्थित रहे।

### वाहन चोरी के आरोप में एक युवक गिरफ्तार

देहरादून। प्रेमनगर पुलिस ने वाहन चोरी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी का वाहन बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार आयुष कुकरेती निवासी नंदाकीचौकी ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि था कि उन्होंने स्कूटर अपने कॉलेज के गेट के बाहर खड़ा किया था, वापस लौटे तो स्कूटर गायब मिला। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की जांच में एक व्यक्ति की पहचान की। काफी तलाश करने के बाद शुक्रवार को आरोपी राहुल थापा निवासी चुक्खू मौहल्ला को गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी नशे का आदी बताया जा रहा है।

### किशोरी बरामद

देहरादून। पुलिस ने शहर से लापता हुए चार साल के बच्चे और किशोरी को सकुशल बरामद किया। पुलिस के अनुसार शनिवार को अपर तुनवाला रायपुर स्थित एक प्राइवेट स्कूल में प्ले ग्रुप में पढ़ने वाला बच्चा स्कूल से बिना बताये कहीं चला गया था। पुलिस ने तत्काल उसकी तलाश करते हुए करीब एक घंटे बाद बालक को जोगीवाला चौक से बरामद किया। उधर, प्रेमनगर क्षेत्र में एक 14 वर्षीय किशोरी भी लापता हो गई थी। काफी तलाश के बाद भी जब उसका पता नहीं चला तो परिजनों ने प्रेमनगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने शनिवार को किशोरी को मेरठ से बरामद किया। किशोरी परिजनों से नाराज थी।

### गर्मियों में पक्षियों के लिए बांटे मिट्टी के बर्तन

देहरादून। गर्मियों की शुरूआत होते ही पक्षियों के लिए सामाजिक संगठन आने लगे हैं। टीम मै हूं सेवादार की ओर से पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए जन जागरण अभियान चलाया। संस्थापक संदीप गुप्ता ने बताया कि शहर के कई इलाकों में मिट्टी के बर्तन (सकोरे ) का वितरण किया गया। ताकि किसी भी बेजुबान पक्षी की पानी के अभाव में जान ना जाए। लोगों को मिट्टी के बर्तन देकर उनको छायादार वृक्ष या घर की छत व आंगन में इस छोटी सी शुरुआत करने की अपील की गई। प्रसिद्ध डाट काली माता के आशीर्वाद से महा अभियान को सकारात्मक सेवा का संकल्प लिया।

### सेना के शौर्य का राजनीतिकरण अनुचित

देहरादून। जागरूक बनो आवाज उठाओ संयोजक यश वीर आर्य ने कहा कि पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य को पहले भी जानता था और पिछले दिनों पाकिस्तान के विरुद्ध उसकी कार्यवाई ने उसके शौर्य को और मजबूत किया है। लेकिन राजनैतिक दल अपने अपने राजनैतिक लाभ के लिए उसका दुरुपयोग कर रहे जो अनुचित ही नही निंदनीय भी है। सेना की विजय का श्रेय तीनों सेना प्रमुखों और उनके सैनिकों के अतिरिक्त किसी अन्य को देना एक तरह से उनका अपमान ही है,जो लोग सेना के लोगों पर जाति, धर्म ,संप्रदाय और लिंग के आधार पर टिप्पणी कर रहे। उनके विरुद्ध तुरन्त कार्यवाई हो।

# भारतीय वैश्य महासंघ के अंकित कंसल बने अध्यक्ष

विकासनगर। नगर के एक होटल में शनिवार को भारतीय वैश्य महासंघ की प्रदेश स्तरीय बैठक हुई। बैठक में पछुवादून कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में अंकित कंसल को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वैश्य महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विनय गोयल ने कहा कि भारतीय वैश्य महासंघ समाजसेवा के क्षेत्र में संपूर्ण प्रदेश में अग्रणीय रूप से कार्य कर मानवता और सामाजिक रूप से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहा है। बताया कि आगामी आठ जून को विवाह योग्य वैश्य युवक–युवतियों के आठवें परिचय सम्मलेन का आयोजन देहरादून में किया जाएगा। नव नियुक्त पछुवादून अध्यक्ष अंकित कंसल ने कहा कि वैश्य समाज हर कार्य करने में सक्षम होता है। मजबूत समाज ही व्यक्ति को मजबूती प्रदान करता है इसलिए हमें सभी वैश्य वर्गों को एक सूत्र में बांधना होगा ताकि हम सामाजिक और राजनीतिक दोनों ही मोर्चों पर निर्णायक भूमिका में आ सकें। उन्होंने कहा कि जल्द ही वैश्य समाज के लोगों को महासंघ के बैनर तले जोड़ा जाएगा। युवा मंडल के प्रांतीय महामंत्री कौशल गुप्ता ने कहा कि पछवादून में समाज को संगठित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। राजनीतिक और सामाजिक दोनों ही क्षेत्र में वैश्य समाज का बड़ा योगदान है। बैठक में महानगर अध्यक्ष देहरादून विनोद गोयल, महानगर कोषाध्यक्ष अजय गर्ग, संजय गुप्ता, सह सचिव आनंद कंसल, माणिक गोयल, अनिल गोयल, गौरव गोयल, कपिल मंगल, वैभव अग्रवाल, मनीष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## डाकपत्थर इंडेन गैस एजेंसी के वितरकों ने किया प्रदर्शन

विकासनगर। डाकपत्थर इंडेन गैस एजेंसी के वितरिकों ने एजेंसी के मैनेजर पर अभद्रता और कमीशन नहीं देने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने तत्काल मैनेजर को हटाने की मांग की। वितरकों ने आरोप लगाया कि वह एजेंसी के साथ कमीशन बेस पर कार्य करते हैं। वह कई सालों से एजेंसी से जुड़े हुए हैं।

वर्तमान में जो एजेंसी के मैनेजर हैं वह उसका शोषण कर रहे हैं। उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। पहले उन्हें एक गैस सिलेंडर के पांच रुपये कमीशन मिलते थे। लेकिन विगत कई महीनों से उन्हें कमीशन नहीं दिया गया है। वितरकों के कार्यक्षेत्र बदल दिए गए हैं। कहा कि उनका उत्पीड़न बंद नहीं हुआ और मैनेजर का ट्रांसफर नहीं किया गया तो वह आंदोलन को बाध्य होंगे। इस दौरान एजेंसी से जुड़े सभी गैस वितरक मौजूद रहे।

# बैंजी कांडई में डीडीओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : ग्राम पंचायत बैंजी काण्डई में शनिवार को जिला प्रशासन की ओर से सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) अनीता पंवार ने की। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। जनसुनवाई शिविर में ग्रामीणों ने राशन, पेयजल, बिजली, पेंशन, आवास व आदि समस्याएं उठाईं।कार्यक्रम के दौरान डीडीओ ने ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और लोगों की समस्याओं का समाधान उनके गांव में ही हो। कार्यक्रम के दौरान पीएमजीएसवाई और पीडब्ल्यूडी द्वारा क्षेत्र में बन रही सड़कों के निर्माण कार्य में हो रही अनियमितओ को लेकर भारी आक्रोश व्यक्त किया। ग्रामीण कालिका काण्डपाल ने कहा कि कोटखाल जागतोली मोटर मार्ग अपग्रेडेशन का कार्य जनवरी 2025 तक पूरा हो गया था, लेकिन अभी तक आधा काम भी नहीं हो पाया है। विभाग ने ठेकेदार के भरोसे काम छोड़ा हुआ है और कछुए की गति से यहां कार्य हो रहा है। वाहन स्वामी विपिन काण्डपाल ने कहा कि काम शुरू दो साल होने को है और सड़क को जगह-जगह तोड़फोड़ कर छोड़ दिया गया है। जिससे किसी बड़ी दुर्घटना की सम्भावना बनी हुई है। साथ ही आये दिन दोपहिया वाहनों से लेकर चैपहिया वाहन को छति पहुंच रही है।



डीडीओ अनिता पंवार द्वारा एई बीरेंद्र सिंह को तत्काल सभी शिकायतों का संज्ञान लेकर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर एक दर्जन से अधिक शिकायतें दर्ज की गयी, जिनमें से कई का मौके पर निस्तारण किया गया। इस मौके पर कृषि, उद्यान विभाग ने किसानों को उन्नत बीज और तकनीकों की जानकारी दी। महिलाओं और युवाओं को महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए स्वरोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी गई, साथ ही युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार योजनाओं के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए नमिता काण्डपाल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से प्रशासन और जनता के बीच संवाद मजबूत होता है।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा निकाली

नई टिहरी : भाजपा ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाल कर तीनों सेनाओं के पराक्रम और शौर्य गर्व किया। कहा कि भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के अंदर घुस कर वहां आतंकवादी कैंपों को ध्वस्त कर भारत का लोहा दुनिया में मनाया है। कहा कि जब भी किसी ने भारत की तरफ आंख उठाकर देखा है,तो सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत के नेतृत्व में भाजपा समेत अन्य संगठनों ने गीता भवन से साईं चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली। राज्य सभा सांसद डॉ. कल्पना सैनी ने यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा में शामिल लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर देश की सेनाओं के वीरता और पराक्रम के जमकर नारे लगाए। राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व ने सेनाओं को खुली छूट दे रखी है। कहा कि भारत सेना ने पाकिस्तान के घर में घुस कर पहलगाम आतंकवादी घटना का बदला लिया है। कहा कि पाकिस्तान ने जब भी इस तरह की कायराना हरकत करने की कोशिश की है,उसे मुंह की खानी पड़ी है। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि तीनों सेनाओं के शौर्य और पराक्रम पर पूरे देश की गर्व है। कहा कि सरकार देश की सीमाओं को मजबूत करने का कार्य कर रही है। इस मौके पर ओबीसी आयोग के अध्यक्ष संजय नेगी, जिला पंचायत की प्रशासक सोना सजवाण, ब्लॉक प्रशासक सुनीता देवी, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद रतूड़ी, दुग्ध संघ के प्रशासक सुशील रावत, मंडल अध्यक्ष विजय कठैत, दिनेश डोभाल, राजेंद्र जुयाल, परमवीर पंवार, गिरीश बंठवाण, जीतराम भट्ट, जगदंबा रतूड़ी, गजेंद्र खाती, सुंदर लाल उनियाल, कमल सिंह महर, जगजीत नेगी, तौफीक अहमद, अबरार अहमद, अनीता कंडियाल, विमला खणका, लीला मखलोगा, मीना सेमवाल, नीलम बिष्ट, कमला चमोली, आरती सेनवान आदि मौजूद थे। (एजेंसी)



## एसएस जीना विवि के चंपावत कैंपस में बनेगा मिनी स्पोर्टस स्टेडियम

देहरादून। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के चम्पावत परिसर जल्द मिनी स्टेडियम और केंद्रीय पुस्तकालय का निर्माण शुरू होगा। सरकार ने परिसर के लिए प्रस्तावित विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए सरकार ने पांच करोड़ रूपये की किस्त जारी कर दी। चंपावत परिसर के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह पांच करोड़ रुपये इसकी पहली किस्त है। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि मिनी स्टेडियम में इनडोर और आउटडोर खेलों की भी सुविधा होगी। साथ ही परिसर की चाहरदीवारी भी तैयार की जा रही है। डॉ.रावत ने निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि चंपावत परिसर को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा।

# दुबई में पाकिस्तानियों ने उत्तराखंड के विशाल पर ढाए जुल्म

देहरादून। भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात के बाद सीजफायर के बीच भी तनाव बरकरार है। दोनों देशों में गरमाए माहौल के बीच पाकिस्तानी युवकों के जुल्म के शिकार उत्तराखंड के एक युवक की कहानी सामने आई है। उधमसिंह नगर पुलिस ने इस युवक को पाकिस्तानी युवकों के चंगुल से निकाला है। युवक को नौकरी का झांसा देकर दुबई ले जाया गया था, लेकिन वहां उसके साथ पाकिस्तानी रूममेट्स तमाम जुल्म ढाए।उत्तराखंड की उधम सिंह नगर पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में युवक की तस्वीर शेयर की है। इसमें युवक अपने परिवार के एक सदस्य के साथ है। पुलिस ने बताया कि युवक अपने पाकिस्तानी रूममेट्स के उत्पीड़न का सामना करने के कारण घर आने की गुहार लगा रहा था। न्यूज9 की एक रिपोर्ट के अनुसार, विशाल नाम के युवक को समीर नाम के एक एजेंट ने दुबई भेजा था।हालांकि, दुबई पहुंचने के बाद उसके पाकिस्तानी रूममेट्स ने दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव और सिंधु जल संधि के तहत भारत से पाकिस्तान में पानी नहीं छोड़ने को लेकर उसे ताना मारना और परेशान करना शुरू कर दिया। इस दुर्व्यवहार की वजह से युवक बीमार पड़ गया। आखिरकार उसने अपने परिवार से बचाने की गुहार लगाई। जब युवक ने बार–बार अपने परिवार से मदद मांगी तो परिजनों ने पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने युवक को बचाने के लिए अभियान चलाया। रोजगार एजेंट का पता लगाया गया और उसके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर विशाल को ढूंढकर घर लाया गया। उत्तराखंड की उधम सिंह नगर पुलिस ने अपनी एक्स पर की गई एक पोस्ट में लिखा– 'एसएसपी मणिकांत मिश्रा की कार्रवाई से दुबई में फंसे युवक को वापस भारत लाया गया है।

# सेलाकुई में सफाई कर्मियों का सभासद के खिलाफ प्रदर्शन

विकासनगर। नगर पंचायत सेलाकुई के एक सभासद पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए सफाई कर्मियों ने शनिवार को प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कहा कि सभासद ने उनके लिए अपशब्दों का प्रयोग किया, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे सफाई सुपरवाइजर राजपाल ने कहा कि वार्ड पांच के सभासद का व्यवहार हमारे प्रति ठीक नहीं है और वह कई बार हमारे साथ गाली–गलौज भी कर चुके हैं। जबकि हमारी ऐसी कोई गलती नहीं थी।

बात–बात पर गाली देना उनकी आदत है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बताया कि हरिजन बस्ती में किसी के घर में एक गोवंश मर गया था जिसे उठाने के लिए सभासद द्वारा कहा गया। लेकिन बस्ती में मरे गोवंश को उठाना उनकी जिम्मेदारी नहीं है। सड़क पर या कहीं अन्य जगह कोई जानवर मरता है तो सफाई कर्मी उसे उठाएंगे, लेकिन किसी के घर में जाकर नहीं उठा सकते। सफाई सुपरवाइजर ने आरोप लगाया कि उनके द्वारा मृत गोवंश को उठाने से मना करने के बाद सभासद ने उनके साथ गाली गलौज शुरू कर दिया।

अन्य कर्मचारियों ने भी सभासद के व्यवहार को लेकर कहा कि वह अक्सर अपशब्दों का प्रयोग करते हैं। सभासद पंकज थापा ने कहा कि उन्होंने कर्मचारियों को सफाई के लिए फोन जरूर किया था, लेकिन गाली–गलौज का आरोप गलत है। उधर, नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित चौधरी ने कहा कि दोनों पक्षों को एक साथ बिठाकर बात कर ली गई है। भविष्य में इस तरह की घटना का दोबारा नहीं होने के लिए कहा गया है। प्रदर्शन करने वालों में संजय, राजेश, राजपाल, करम सिंह, ऋषभ शर्मा, चंद्रपाल, शिवकुमार, बबली, संजू, लोकेश शामिल रहे।

## गर्मियों में पक्षियों के लिए बांटे मिट्टी के बर्तन

देहरादून। गर्मियों की शुरूआत होते ही पक्षियों के लिए सामाजिक संगठन आने लगे हैं। टीम मै हूं सेवादार की ओर से पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए जन जागरण अभियान चलाया। संस्थापक संदीप गुप्ता ने बताया कि शहर के कई इलाकों में मिट्टी के बर्तन (सकोरे ) का वितरण किया गया। ताकि किसी भी बेजुबान पक्षी की पानी के अभाव में जान ना जाए। लोगों को मिट्टी के बर्तन देकर उनको छायादार वृक्ष या घर की छत व आंगन में इस छोटी सी शुरुआत करने की अपील की गई। प्रसिद्ध डाट काली माता के आशीर्वाद से महा अभियान को सकारात्मक सेवा का संकल्प लिया। संस्था ने धार्मिक स्थल प्रमुख चौराहा और विद्यालय के बच्चों को इसका वितरण किया।

# भारत हमारी आत्मा में बसता है : गोदियाल

नई टिहरी : हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल (केन्द्रीय) विश्वविद्यालय के स्वामी रामतीर्थ परिसर बादशाहीथौल के शिक्षा विभाग के प्रशिक्षणार्थियों ने यूजीसी के निर्देश के तहत देश भक्ति से ओत-प्रोत होकर विभाग से लेकर बादशाहीथौल मार्केट चौराहे तक राष्ट्रीय एकता के नारे लगाकर देश के वीर सपूतों के सम्मान में अपनी बात रखते हुए रैली निकाली। देश की एकता का संदेश देते हुए कहा कि एकता से ही विश्व विजयी बना जा सकता है। परिसर निदेशक प्रो. एए बौड़ाई ने कहा कि भारत कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक एक है और हम इस पर आंच भी नहीं आने देंगे। स्कूल आफ एजुकेशन की संकाय व विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता गोदियाल ने कहा कि भारत हमारी आत्मा में बसता है। हम सदैव राष्ट्र प्रथम व व्यक्ति द्वितीय की भावना से जीते हैं। इस अवसर पर डॉ. नीरज जोशी, डॉ. सुमन लता, डॉ. देवम, डॉ. मनोज नौटियाल, डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. अरविंद कुमार सहित विभाग के पीएचडी शोधार्थी उपस्थित रहे। (एजेंसी)




# योग, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : आयुष विभाग द्वारा राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज रुद्रप्रयाग में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2025 के उपलक्ष्य में जनपद स्तरीय अंतर विद्यालय प्रतियोगिता के क्रम में योग, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

सहायक नोडल अधिकारी जिला योगा डॉ. राहुल कुमार ने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी बीते 01 मई से शुरू कर दी गई है। बताया कि आयुष विभाग द्वारा ग्राम, ब्लॉक तथा जिला स्तर पर योग संबंधी भाषण, निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा रहा है। निबंध प्रतियोगिता में अनुष्का ने प्रथम, अदिति कोठारी ने द्वितीय, जबकि लता ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में जगदीश बिष्ट पहले, मानस बर्त्वाल दूसरे एवं अदिति तीसरे स्थान पर रही। योग प्रतियोगिता में आयुष ने प्रथम, अवनी ने द्वितीय, जबकि सारिका बुटोल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक मनसा राम मंदोली, डॉ. नीलम सजवाण, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. दिव्या पाठक, डॉ. नवीन आर्य, फार्मेसी अधिकारी अखिलेश सती, मयंक पंवार आदि उपस्थित रहे।



# बरसात से पहले की जाए सभी सड़कों की मरम्मत : पुंडीर

विकासनगर। सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने शनिवार को जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता के साथ बैठक की। बैठक में राज्य योजना के अंतर्गत मार्ग निर्माण के विषय में विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने क्षतिग्रस्त सड़कों का बरसात से पहले मरम्मत करने के निर्देश लोनिवि अधिकारियों को दिए। शनिवार को लोक निर्माण विभाग के विभागाध्यक्ष कार्यालय यमुना कॉलोनी में प्रांतीय खंड और निर्माण खंड के अधिकारियों की संयुक्त बैठक में विधायक पुंडीर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात से पहले सभी लंबित कार्यों को पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सड़कों के किनारे नालियों का निर्माण नहीं किया गया है, जिससे बरसात के पानी की निकासी नहीं हो पाती है। बरसात से पहले जल निकासी की व्यवस्था भी सुचारु किया जाना जरूरी है। विधायक ने कहा कि मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने और जन समस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार की ओर से स्वीकृत सभी योजनाओं को धरातल पर मूर्तरूप देना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। तय समय पर जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सहसपुर विधानसभा क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर सभी कार्य समय पर पूरा करने के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com